हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 05 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

आज देशभर में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। हर वर्ष 5 सितंबर को डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। आकाशवाणी, दिल्ली से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज शाम चार बजकर 10 मिनट से एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ और आकाशवाणी के सभी चैनलों पर उपलब्ध होगा। आकाशवाणी के यूट्यूब चैनल पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 50 शिक्षकों का चयन किया है। ये चयन पारदर्शी और ऑनलाइन तीन चरणों - जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। चयनित 50 शिक्षक 28 राज्यों, तीन केंद्र शासित प्रदेशों और छह संगठनों से हैं। उच्च शिक्षा विभाग के 16 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 16 शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक पुरस्कार में योग्यता प्रमाण पत्र, 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक दिया जायेगा।

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी है। कल देर शाम जारी की गई सूची में 67 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है।मुख्यमंत्री नायब सिंह को लाडवा से चुनाव मैदान में उतारा गया है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं का निर्वाचन क्षेत्र नहीं बदला गया है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता पंचकुला, पूर्व गृहमंत्री अनिल विज अंबाला छावनी, असीम गोयल अंबाला शहर और कंवरपाल गुर्जर जगाधरी से चुनाव लड़ेंगे।डॉ० अभय सिंह यादव को नांगल चौधरी, मूलचंद शर्मा को बल्लभगढ़, विपुल गोयल को फ़रीदाबाद, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ को बादली, जे.पी दलाल को लोहारू और डॉ० कमल गुप्ता को हिसार से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को नारनौंद, भव्य बिश्नोई को आदमपुर, रणबीर गंगवा को बरवाला और महिपाल □ांडा को पानीपत ग्रामीण से टिकट दी गई है।बी.जे.पी की इस सूची में आठ महिलाओं को भी टिकट मिला है। पार्टी ने कालका से श्रीमती शक्ति रानी शर्मा, मुलाना से संतोष सरवन, कलायत से कमलेश □ांडा, कलानौर से रेनू डाबला, गढ़ी सांपला किलोई से मंजू हुड्डा और अटेली से कुमारी आरती सिंह राव को चुनाव मैदान में उतारा है। हाल ही में बी.जे.पी में शामिल हुई राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी को तोशाम से और पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को रतिया से टिकट मिला है।

निर्वाचन आयोग ने आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12 सितम्बर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 13 सितम्बर को होगी। उम्मीदवार अपना नामांकन 16 सितम्बर तक वापस ले सकेंगे। हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए पांच अक्बतूर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना आठ अक्तूबर को होगी।हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि नामांकन के समय उम्मीदवार को सुरक्षा राशि के रूप में 10 हजार रुपये जमा करवाने होंगे। इसके अलावा, जो उम्मीदवार अनुसूचित जाति से सम्बंधित है, उन्हें संबंधित चुनावों में आधी राशि यानी 5 हजार रूपये सुरक्षा राशि के रूप में जमा करवाने होंगे, चाहे वह सामान्य या आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा हो।बी.जे.पी ने जननायक जनता पार्टी छोड़ कर आए राम कुमार गौतम को सफीदों, देवेंद्र सिंह बबली को टोहाना, अनूप धानक को उकलाना, सुनील सांगवान को दादरी और संजय कबलाना को बेरी से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

पेरिस पैरालंपिक में हरविंदर सिंह ने पुरुषों के निजी तीरंदाजी रिकर्व ओपन फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। पैरालंपिक या ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले वह भारत के पहले तीरंदाज बन गए है ।

इसके बाद, पुरुषों के क्लब थ्रो एफ-51 के फाइनल में धर्मवीर ने 34.92 मीटर की दूरी तक थ्रो करके एशियाई रिकार्ड तोडने के साथ स्वर्ण पदक जीता। प्रणव सूरमा ने इसी स्पर्धा में 34.59 मीटर की दूरी तक थ्रो करके रजत पदक जीता। इससे पहले, दिन में विश्व चैंपियन सचिन सर्जेराव खिलारी ने पुरुषों की गोला फेंक एफ-46 श्रेणी में 16.32 मीटर एशियाई रिकार्ड के साथ गोला फेंक कर रजत पदक जीता।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक के एक सिंगल संस्करण में सबसे अधिक पदक जीतने के लिए पदक विजेताओं को बधाई भी दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह भारतीय एथलीटों का खेल के प्रति समर्पण, उत्साह और दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शाता है।